>

Title : Need to provide free higher and technical education to girls belonging to economically-poor families.

श्रीमती अश्वमेध देवी (उजियारपुर): भारत सरकार बालिकाओं को 12वीं कक्षा तक नःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है, जिसका साकारात्मक परिणाम आज के समय में 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणामों में लड़कियों के अव्वल आने से देखा जा सकता है। वहीं उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा में कोई अतिरिक्त सुविधा लड़कियों को प्रदान नहीं है, जिसके कारण गरीब परिवार की लड़कियों को उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा से वंचित रहना पड़ता है।

अतः केन्द्र सरकार से यह मांग करती हूं कि उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा में प्रवेश परीक्षा में पास करने वाली गरीब परिवार की लड़कियों को नःशुल्क शिक्षा भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाये ताकि महिलाओं की भागीदारी समाज में और अधिक बढ़ सके।